ताइक्वांडो : सर पदमपत सिंहानिया स्कूल विजेता

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया स्कूल व कानपुर ताइक्वांडो संघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आयोजित प्रथम इंटर स्कूल पुमसे ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सर पदमपत स्कूल चैंपियन बना। स्कूल के बच्चों ने 15 स्वर्ण, एक कांस्य व पांच रजत पदक जीते। डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर शारदा नगर की टीम तीन स्वर्ण, चार रजत व दस कांस्य पदक पाकर दूसरे स्थान पर रही। यूनाइटेड पब्लिक स्कूल ने तीन स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता का आयोजन कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया स्कूल में किया गया। 24 स्कूलों के 180 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश पाठक, जिला ओलंपिक संघ के सचिव रजत आदित्य दीक्षित, स्कूल की प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने पदक पहनाकर पुरस्कृत किया।

सर पदमपत सिंहानिया स्कूल में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी।

ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

कानपुर (एसएनबी)। सर पदमपत सिंहानिया स्कूल, कमला नगर में आयोजित प्रथम पूमसे ताइक्वान्डो प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदक लेकर मेजबान सिंहानिया स्कूल विजेता रहा।

प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सर्वाधिक 15 स्वर्ण पदक, 5 रजत व 1 कांस्य पदक लेकर मेजबान सर पदमपत सिंहानिया स्कूल विजेता रहा। डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर शारदा नगर 3 स्वर्ण पदक, 4 रजत व 10 कांस्य पदक के साथ उपविजेता रहा। वहीं, 3 स्वर्ण पदक, 2 रजत व 1 कांस्य पदक के साथ यूनाइटेड पब्लिक स्कूल तीसरे नंबर पर रहा। प्रतियोगिता के दौरान कानपुर ताइक्वान्डो संघ के महासचिव प्रदीप सिंह चौहान, प्रयाग आदि लोग मौजूद थे।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी। फोटो : एसएनबी

पदमपत सिंहानिया ने हासिल किया पहला स्थान

कानपुर। कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में कानपुर ताइक्राण्डो संघ की ओर से प्रथम पूमसे ताइक्राण्डो प्रतियोगिता हुई। इसमें 150 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें सर पदमपत सिंहानिया स्कूल 15 गोल्ड, 5 सिल्वर व 1 कांस्य पदक के साथ विजेता रहा। डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर शारदा नगर ने 3 गोल्ड, 4 सिल्वर व 10 कांस्य पदक के साथ उपविजेता रहा। यूनाइटेड पब्लिक स्कूल 3 गोल्ड, 2 सिल्वर 1 कांस्य पदक के साथ तृतीय रहा। विजेताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश पाठक, जिला ओलंपिक संघ के सचिव रजत आदित्य दीक्षित, सिंघानिया स्कूल की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कानपुर ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष दीपक चौरसिया, सचिव प्रदीप सिंह चौहान, आयोजन सचिव दिनेश दीक्षित, प्रयाग सिंह, सतेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

सिंहानिया स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

KANPUR: सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में कानपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से फर्स्ट इंटर स्कूल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया. इसमें 150 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया. इसमें सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल 15 गोल्ड, 5 सिल्वर व 1 ब्रांज मेडल के साथ ओवरआल चैंपियन रहा. डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, शारदा नगर ने 3 गोल्ड, 4 सिल्वर व 10 ब्रांज मेडल के साथ दूसरा स्थान हासिल किया. वहीं यूनाइटेड पब्लिक स्कूल 3 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रांज के साथ तीसरे स्थान पर रहा. सीनियर एडवोकेट कमलेश पाठक, डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन के सेक्रेट्री रजत आदित्य दीक्षित और सिंहानिया स्कूल की प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने प्राइज डिस्ट्रिब्यूशन किया.